(d) Grierson has specifically written that his description of Kurmali language cannot be used to settle any ethnological problem so this statement of Grierson dispels any notion that if we write Kudmali, government will grant them status of ST. Proper study based on fact can only make the case of ST inclusion movement strong. We may not read the LSI properly but others can. It is a government document so it has access to all. We should study the matter in totality rather reading a part of it and repeating the story of identifying an elephant by 6 blind men.

(e) Retroflexing of words are the specialty of Bangla language. We are all well versed with a culturally rich 'ध्वनि संगीत-ऊलूलू..ऊलूलू..ऊलूलू' at the time of marriage ceremonies.

What page 145 of LSI Pt2 volume 5 says has created a strange debate for Kurmali language spelling and pronunciation, it is retroflex r, in which tongue is moved round and touches alveolar ridge and hard palate.

Linguistic survey of India, written by great linguistic George Grierson is the book often referred to for almost all discussions in language related issues. It is a voluminous book and contains discussions in 174 languages and 544 dialects, practically all Indian and neighboring countries languages. It is a massive work. Kurmali language has also found a place and is contained

in LSI Pt 2, volume 5. You will agree for as a rational reader, two things are paramount-

(a) What was the modality selected for collecting language samples. Was there any probable chance of error? If it was then how to rectify it?
(b) What was the opinion expressed by George Grierson on it?

E.A.Gait, in 1901 census report of Hazaribag, how Kurmali speaking people were shown as Bangla speaker (page 316, Appendix-12) and points out the error committed was by the Bengali enumerator. Mr E.A. Gait was the Census commissioner of Bengal province, that time it comprised of present Bihar, Jharkhand, Odisha and Purulia district. Now, LSI (vol V part 2) –(Appendix-13, page 166), clearly says about Kurmali language

"in Manbhum, the character adopted is the Bengali and the language is looked at so to speak, through Bengali spectacles. Hence the words are spelled as a Bengali would spell them".

The remarks by E.A. Gait, the census commissioner of Bengal on page 316(appendix-12) is also worth noting as to how Grierson himself confided to E.A. Gait about the Bengali coloring of Kurmali language in his LSI-

"The classification made for the linguistic survey must necessarily depend on the particular specimens submitted for Dr Grierson's examination, and what is now classed under one linguistic head might well have been classed under

another if the specimen have been selected from different locality.

In Malda, Santhal Pargana and Manbhum, the difference between the popular and scientific view regarding linguistic classification is less marked; according to the census the proportion of worker speaking Bengali as compared with Hindi is slightly greater in Malda and slightly less in Santhal pargana and Manbhum than those shown in the figures of linguistic survey."*

It further explains how Kurmali was returned as Bangla in Hazaribag district by Bengali enumerator using Bangla characters and thus accounted for error in enumerator's diagnosis (Appendix -12)

It further explains in footnote under * on the bottom of page why Grierson places Kurmali, Khotta or Khottahi and Khottahi Bangla in Hindi family which also is derived from same ancestors. This clearly establishes the fact that retroflex r (r with a dot on top) written for the language used Kurmali of Manbhum and Mayurbhanj in Page 140 in LSI is with the spectacle of bangla. So we should not use Kudmali in place of Kurmali which is contrary to the linguistic science.

Why Kurmali language is closer to Hindi is because of its form of grammar. The verb form of Kurmali is same as that of Hindi. Usage of verb tells about the gender in Kurmali and Hindi but not in Bangla. That is why when Grierson wrote that the Manbhum Kurmali uses hard R. it meant spelling through Bangla spectacle only. We will also show Grierson himself had cast doubt about this

specimen of Kurmali that was sent to him by a Bengali sub-school inspector, Mr Babu Sital Chandra Chatterjia and was in Bengali character. So use of word "Kudmali" does not stand to any logic, it only creates confusion and will have adverse effect on development of Kurmali language. No language in world has two names. We cannot write Kurmali/Kudmali. It cannot stand to any logic to academicians or intellectual class. Retroflexing of words are accepted, which only denotes pronunciation in limited area and in case of Kurmali language, it should be clearly understood that this language is spread much before 1833, when Manbhum was created.

LSI(vol V part 2) –(Appendix-14, page 147) again says

"it is, in Manbhum written in Bengali character, and this has led to having being described by some as the dialect of that language"

All writers and gazette papers use data given by Grierson in LSI for their analysis of Kurmali language, whether it may be district gazetteer like Dhanbad district Gazetteer or surveys or other documents. **That means all gazetteers and documents look Kurmali through the spectacle of Bangla. This is a very important observation to note.**

OTHER WORKS OF KURMALI LANGUAGE

The decade of 50's saw the rise of first generation of educated Kurmi Mahto class, mostly law graduates and master's degree holders. This band of intellectuals sat together, discussed Kurmali language and the social status. The following description will illustrate the pages of history and show how they worked in unison for development of Kurmali language.

A number of Kurmi intellectuals of Jharkhand started efforts to establish formal education of Kurmali language in colleges and at university levels during 70's. Late Prof. Vishnu Charan Mahto right from his beginning of career as lecturer at C N Law College, Ranchi made continued efforts to start teaching of Kurmali language in Ranchi University. He had discussed the matter with the then education minister of Bihar, Sri Ramraj Singh, Socialist leader Bhola Prasad Singh and Debendra Nath Mahto, MP, Purulia.In 1975, he along with Debendra Nath Mahto met the then vice Chancellor of Ranchi University, Dr R S Mandal. The vice chancellor advised them to put a request through a society. A meeting was convened under the chairmanship of Vishnu Charan mahto on 14 Oct 1975 at the residence of late Radha Govind Mahto at Katthar Toil, Ranchi and Kurmali Bhasha Parisad came in to existence. Ex MLA, late Jagarnath Mahto was elected as the president, Ex MPs, Khudiram Mahto and Binod Bihari Mahto as vice presidents, Adv. Bihari Mahto as secretary, Dr H N Singh as deputy secretary, Adv. Radha Gobind Mahto as

treasurer. Other prominent social workers, who attended the meeting, were Angad Mahto and Hrishikesh Mahto (Appendix 25, Paper cutting) Then a draft proposal was made by Dr N K Singh and again it was submitted to Vice-chancellor. Dr R S Mandal sent a circular to different colleges to take a survey of number of students speaking Kurmali language. The circular and the survey got lost in files only. Thereafter, Dr Kumar Suresh Singh took over as the vice-chancellor of Ranchi University. Once again, a delegation led by Vishnu Charan Mahto met the vice chancellor and requested to start teaching of Kurmali language in RU. Then history was created. He ordered opening of regional language department in RU and 7 regional languages including Kurmali got green signal to start studies at PG level. Later on, the name of this department was changed to Dept of Tribal and Regional Languages. It will be worth mentioning the names of Dr Raja Ram Mahto and Somnath Mahto, who as student leaders put pressure on Ranchi University administration by representations and memorandums to start teaching of Kurmali language. Since, it was beginning of subjects in all the regional languages, which had no previous formal education so the question arose as what should be selection criterion for choosing the lecturers. It was left to the departmental linguistic heads, in which Dr Ramdayal Munda and Dr Dineshwar Prasad played pivotal role. The selection committee for Kurmali language was headed by Dr Ramdayal Munda and other member was eminent social worker and expert in Kurmali language, Adv. Aangad Mahto, Prof. K C Bose, Pro VC and others. Many contenders were there for the post of lecturer in Kurmali language. Besides proficiency

in Kurmali language and having published literary works, most of the applicants lacked language postgraduate degree or did not have required minimum criterion of 52.5% marks in master's degree for being eligible for this post. With lots of deliberations, finally the selection committee gave node to Dr. H N Singh. This was a setback for many contenders of the post. Many of them had written Kurmali grammar books, articles and engaged in other literary works. Now, Dr. H N Singh had a daunting task laid out in front of him, say to look after the aspirations of millions of Kurmali speaking people, design the syllabus and create an environment of learning and research. By dint of his hard labour and focused approach, he did commendable job in this regard. His vast knowledge in all the spectrum of Kurmali literature has earned respect for him across the literary fraternity. He has guided almost all doctoral research thesis in Kurmali language. He has emerged as the "Pitamah" (granddaddy) of all the research scholars. Till date, research scholars mandatorily consult him for their thesis. We wish him long life and expect more valued contributions to the cause of development of Kurmali literature.

There are a number of esteemed personalities who have contributed immensely in enriching the Kurmali literature. Their contributions are immense. The list is very long, but few luminaries are worth mentioning. First, it was the trio of late Vishnu Charan Mahto (Ex vice Principal, CN law college, Ranch), late Khudiram Mahto (Ex MP) of Purulia and late Adv. Girish Chandra Mohanta of Mayurbhanj. They worked tirelessly, organized intellectuals, drafted memorandums and gave

directions and momentum to the efforts for establishing the teaching of Kurmali language at college level. Late Khudiram Mahto was an accomplished author of Kurmali literature and history.

I think history of Kurmali language will remain incomplete if works of Dr. Nand Kishore Singh of Chakradharpur is not given its due place. He was the first to obtain a Ph. D degree in Kurmali language from world renowned Vishwa Bharti University in the year 1962. His thesis" कुरमाली का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन" was examined by two literary giants of Vishwa Bharti, Dr. Suniti Kumar Chaterjee and Dr. Uday Narayan Tewari. "इसका प्रकाशन झारखण्ड के वैदुषिक इतिहास की एक घटना है"- echoed another literary giant, thinker and intellectual, Dr Dineshwar Prasad, who did pioneering work for all regional languages of Jharkhand. A well-wisher of Jharkahndi literature, he further said "इसके प्रकाशन के बाद यहाँ के भाषा विवादों को भी सुलझाने में सहायता मिलेगी".

The important aspects of this research book are that-

(a) The mother tounge of Dr. Nand Kishore Singh was Kurmali; the language which he has termed as Ideal Kurmali being spoken in Sadar subdivision of Singhbhum district (कुरमाली का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन page 1).

(b) He did specialised course in "ध्वनि- विज्ञान एवं भाषिका विज्ञान" from K M Munshi Institute of

literature sciences under Agra University.(1960-61)

(c) Did advance courses on "भाषा-विज्ञान की विशेषता: क्षेत्रिय पद्धति, तुलनात्मक पद्धति एवं नृविज्ञान "from Karnatka university, Dharwad.

(d) Worked with Dr Norman Zayd, Director, linguistic sciences, Chicago University in "Munda – Bhasha" project.

His mastery of ध्वनि- विज्ञान एवं भाषिका विज्ञान is amply demonstrated in his analysis of each and every Kurmali alphabets, words, sentences, grammar, exchange /export of words from co-existing languages. It explains in details the pronunciation, spellings and various sounds associated with Kurmali words. It is a treasure house for researchers. A must read for all Kurmali lovers. In order to broaden the horizon of Kurmali literature, Prof. Vishnu Charan Mahto and Dr. Dineshwar Prasad were instrumental in inspiring Dr. Santosh Kumari Jain, a non- Kurmali speaking person to do thesis in Kurmali folk songs. The thesis of Dr. Santosh Kumari Jain has its own place in Kurmali literature for its original vision and uniqueness.

Similarly, late Girish Chandra Mohanta of Mayurbhanj District was author of many books of Jhumar and folk music. He was awarded 'Sarla Samman" by Govt of Orissa for his contributions in art and culture. In his article "Past and Future of Kurmali Language", he has opined that "**it will be unnecessary hardship to prescribe quite some unknown script for the language. On the other hand there are no such words in Kurmali which can be pronounced through any recognized script of**

Indian languages. In selection of script, preferably "Devnagri" script will be most suitable with which most of the readers of Kurmali are acquainted."

His article "Past and future of Kurmali language" is thought provoking and lays the vision for development of Kurmali language (Appendix-22). He has dwelt in detail about different aspects of language but following are the two worth elaborating for lovers of this language-

(a)He has stressed on the need to have magnanimity to adopt words from other languages. He gives example of English language, in which philologists have calculated that 53% are from Roman words, 31% Tutonic words and 10% from Greek words. Similar views have been expressed by Dr. H N Singh for Hindi language also. Hindi is comparatively very young as compared to all established language in India, even younger than Bengali, Tamil and Sanskrit etc but within a short span of time, it has left behind all Indian languages and has gone to UNO. It is only because of its adaptability which has made it a universal language now. Hindi vocabulary comprises of तत्सम, अर्धतत्सम, तद्भव, देशज और विदेशज words.

(b) Second most important caution has been made by him that we should not make Kurmali language an "Esperanto language". Esperanto was developed by a Russian doctor of Polish origin. He thought that all languages have different rules in grammar so he made one rule of grammar and combined 3 to 4 European languages and made "Esperanto language". But the language could not stand and was confined to 2 or 3 conferences only. He further clarifies his

opinion that if we try to analyse Kurmali through Dravidian grammar, a disorderly grammar will come out and we may go to Esperanto language way (page 88, Smiriti).

Prof. Vishnu Charan Mahto had a knack of identifying talents of youths, who had potential to contribute to the society. Actually, Dr. Pasupati Prasad Mahato had come to Ranchi to study law but Prof. Vishnu Charan Mahto motivated him to study Anthropology and Social sciences. Another person, who got motivation from Prof. Vishnu Charan Mahto is Lakhikant Mahto. Originally, Lakhikant Mahto was a Khortha writer (article of Shalpatra). Seeing his talent, Prof. Mahto advised him to write in Kurmali also. He then started writing in Kurmali. A letter by him to Prof. Mahto shows how he used to take advice from Prof. Mahto on subjects of Kurmali Bhasha. (Appendix-23). Lakhikant Mahto was inducted in the advisory committee of Regional language at Ranchi University on the recommendation from late Prof. Vishnu Charan Mahto.

A brief pictorial presentation of events connected with meetings and activities on different timeline will give an idea how people have worked day and night to enrich this language and the culture of Kurmi Mahtos.

Appendix 23 - A letter by Lakhikant ji to Prof Vishnu Charan Mahto.

Appendix 24- An article by Dr Dineshwar Prasad on Prof Vishnu Charan Mahto.

Appendix 25- Formation of Kurmali Bhasha Parishad.

Appendix 26- Meetings of Kurmali bhasha parisad.

Appendix 27- Invitation letter of west Bengal Kurmali academy and purulia Zila bhakhi Sangh.

Appendix 28- Invitation letter by Singhbhum Kurmi Mahasabha, Jamshedpur.

Appendix 29- Meeting of Kurmali Bhakha Parishad, Ranchi.

Appendix 30- Meeting by Chotanagpur Kurmali Bhakhi Baisi.

Appendix 31- A letter by Mr Lakhi Kant Mahto.

Appendix 32- An article by Mr Lakhikant Mahto in Khortha published in Shalpatra.

Appendix 33- A page from Shalpatra.

Appendix 34- A Book by Dr Pasupati Pd Mahto.

कुरमाली भाषा का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

लेखक

वेटेरन विंग कमान्डर ज्ञानेश्वर सिंह

प्राक्कथन

मानव के उदय के साथ-साथ ही भाषा का विकास प्रारम्भ हुआ। यह संवाद, संवेदना, सामाजिक समरता, उदारवाद तथा सांस्कृतिक विकास का माध्यम बना। लोगों की भावनाओं से जुड़ गया है। अत: इसके बारे सोचना और लिखना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है।यह लोगों को जोड़ती है, विचारों के आदान-प्रदान कर एक सभ्य और उन्नत समाज बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है। मेरा प्रयास कुरमाली भाषा के ऐतिहासिक घटनाओं को एक सिलसिलेवार तरीके से कलमबद्ध करना है।यह कार्य कठीन है क्योंकि लिखित तथ्यों का अभाव है। फिर चालीस वर्षों के लिये मेरा घर से बाहर रहना, पहले पढ़ाई, फिर वायु सेना में कमीशन और विभिन्न बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में नौकरी की वजह से , बहुत सारी भाषाई गतिविधियों का अनुकरण की असमर्थता के कारण हो सकता है कुछ महत्पूर्ण घटनाओं को इस पुस्तक में नहीं जोड़ पाया हूँ, उसके लिये मैं क्षमा-प्रार्थी हूँ। मैं भाषाई अनुवाद की कौशलता का दावा नहीं करता परन्तु, अगर उसके कारण तथ्यों में तोड़- मरोड़ दृष्टिगोचर होता है तो मैं क्षमा अनुग्रह करूँगा। इस पुस्तक का उद्देश्य किसी की भावनाओं को किसी भी तरह से ठेस या आहत पहुंचाना नहीं है। मैं अपनी सीमाओं को समझता हूँ। अत: आशा है इस लेखन में जो त्रुटियाँ है, उसका सुझाव आप अवश्य देंगे जो मुझे सहर्ष स्वीकार्य होगा तथा हूबहू प्रतिरूप पुस्तक के अगले संस्करण में प्रकाशित होगा।

धन्यवाद।

विंग कमान्डर ज्ञानेश्वर सिंह
न्यू बरही टोली, पुरूलिया रोड,
राँची- 834001
मो- 7091198400

अनुक्रमणिका

कुरमाली भाषा का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य.....53

कुरमाली भाषा की उत्पत्ति.....58

राज्य पुनर्गठन आयोग के सिफारिशों का विश्लेषण.....75

छोटानागपुर के अन्य आदिवासी भाषाओं के विभिन्न नाम.....81

लेखक का परिचय.....138

कुरमाली भाषा का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

परिचय

कुरमाली भाषा झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, छत्तीसगढ़, बंगलादेश तथा अन्य जगहों पर भी बोली जाती है।इस भाषा ने समुदायों, राज्यों और यहां तक कि देश की सीमाओं को भी लांघ गया है। इसका अर्थ है इसमें अपने अस्तित्व की रक्षा के लिये अंतर्निहित शक्ति है जिसका पोषण होना चाहिये ताकि संवाद की भाषा होने के अलावा इसके द्वारा हम मानव सभ्यता के नये आयम के सौन्दर्य को भी देख सकें। इसके प्रचुरमात्रा में साहित्यिक खजाने, खोज का इंतजार कर रहे हैं।

दुर्भाग्यवश, कुरमाली भाषा एक अनचाहे मोड़ पर आ गयी है, जहां से इसे बाहर निकलने के लिये सम्मिलित प्रयास की आवश्यकता है।लिखित दस्तावेजी साक्ष्यों जैसे डिस्ट्रीक्ट गजेटीयर तथा तर्कसंगत व्याख्या एतिहासिक प्रमाणता सिद्ध कर सकते हैं। पुराने दस्तावेज, पुराने हाथ से लिखे कागजात, पुरानी कहावतें, पुरातत्व उत्खनन, शिलालेख तथा धार्मिक कथायें भी इतिहास के सूत्र जोड़ सकते हैं।

बहुचर्चित विषय डा जार्ज ग्रियर्सन द्वारा लिखी पुस्तक लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया(LSI- vol v Pt 2, परिशिष्ट-4) के पृष्ठ संख्या 145 में लिखित कुरमाली भाषा का नाम है जिसमें अंग्रेजी के अक्षर r के नीचे एक बिन्दु लगाया गया है, जिसे उसने उसी पुस्तक में बंगला भाषा का प्रभाव माना है। यहां

ध्यान देने की बात है कि कुरमाली उतनी ही स्वतन्त्र भाषा है जितनी की बंगला। इस संबंध में सम्पूर्ण तकनीकी जानकारी डा नंदकिशोर सिंह के शोध-ग्रंथ 'कुरमाली का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन ' में वर्णित है।

प्राचीन झाड़खंड का क्रमबद्ध इतिहास लिखित तौर पर उपलब्ध नहीं है और कुछ ही शोध-पत्र हैं। डिस्ट्रिक्ट गजेटीयर, सर्वे तथा जनगणना संबंधी सरकारी कागजात, हमें झाड़खंड सांस्कृतिक क्षेत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दे सकता है।यहां यह कहना प्रसांगिक होगा कि हमें उन परिस्थितियाँ तथा कमियों को भी ध्यान में रखना होगा जो इन कागजातों को कलमबद्ध करते समय सामना करना पड़ा था।कुरमाली भाषा के इतिहास से संबंधित दस्तावेज भी बहुत कम मिलते हैं।इस उदासीनता का कारण कुरमियों के प्रति हमेशा से शासकवर्ग की विछोह की नीति हो सकती है, जो आज भी चली आ रही है।यहां हमें जानना है कि सन् 1853 में मैक्स मूलर ने सर्वप्रथम मुण्डारी भाषा समूह का नाम प्रस्तुत किया था जिसमें मुण्डारी, हो, भूमिज तथा संथाली का जिक्र है। बाद में डा जी. केम्पबेल ने इसका नामकरण "कोलारियन" समुह किया। इसमें कुरमाली भाषा का जिक्र नहीं है।

कुरमाली भाषा के ऊपर बहुत से बाहरी तथा निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा प्रहार हुये हैं। इन सभी का सामना इस भाषा ने बखूबी से किया है। हमें यह समझना होगा कि कैसे कुरमी भू-भाग को प्रशासकीय और सैन्य कारणों के चलते विभाजन किया गया फिर पुनःव्यवस्थित किया गया, फिर विभाजित

किया गया। इन कारणों के चलते कुरमाली भाषा के विकास में स्थायित्व नहीं हो पाया।

इसे जान कर आश्चर्य नहीं होना चाहिये कि पंचेत राज्य रामगढ़ कमिश्नरी के अधीन था। वैसे भी मानभूम आजादी के एक दशक बाद तक झारखंड का ही हिस्सा था। पंचेत के हिस्से कर मानभूम का निर्माण 1833 में हुआ था, उसके साथ ही कुरमाली बोलने वाले क्षेत्र का भी हुआ विभाजन।1833 से बहुत पहले ही कुरमाली भाषा झारखंड और बाहर भी अपने पांव पसार चुकी थी।

1901 की बंगाल जनगणना रिपोर्ट(परिशिष्ट-1, पृष्ठ 101) में स्पष्ट रूप से लिखा है कि कैसे बराकर और दामोदर नदी के तट, हजारीबाग जिले में रहने वाले बहुसंख्यक भूंईया, संथाल और कुरमी लोग थे। हजारीबाग मानभूम की तुलना में भौगोलिक बदलाव नहीं झेला है और स्थायी रहा है। हमारे पास ऐतिहासिक साक्ष्य है कि जब भगवान महावीर पारसनाथ पर आये थे तब शुरु में यहां के आदिवासियों ने उनका विरोध किया था, उनमें कुरमी महतो लोग भी थे। इसकी विस्तृत जानकारी प्रो. विष्णुचरण महतो की पुस्तक " The History of Tribal Kurmis Of Chotanagpur"में मिलती है।यह इस बात को प्रमाणित करता है कि मानभूम के बाहर भी कुरमियों का बहुतायत जनसंख्या आदिम काल से निवास कर रही है।ग्रियर्सन द्वारा लिखी पुस्तक लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया में, जिस मानभूम जिक्र है वह 1833 में बना था और उस पुस्तक का प्रकाशन सन् 1903 में हुआ था। ग्रियर्सन की लिखी पुस्तक

लिंग्विस्टिक सर्वे आँफ के नमूने में बंगला के रंग चढ़े होने की बात कही गई है।

सर्वप्रथम, यह सत्य है कि कुरमाली बोलने वाले भू-भाग का भौगोलिक विखंडन बार-बार हुआ।अंग्रजों ने इसके कई कारण दिये। लेकिन इसका असर हुआ कि भाषा में स्थायित्व नहीं आया और विकास की गति में पिछड़ गया। 1920 तक सिर्फ दो कुरमी महतो ने मैट्रिक की परीक्षा पास की थी–स्वर्गीय राजकिशोर महतो और स्वर्गिय मदन मोहन महतो। स्वर्गीय राज किशोर महतो लेखक के नाना थे। बाद में स्वर्गीय राज किशोर महतो पुरूलिया कोर्ट में पहले महतो मुख्तार बने। भाषा के विकास में शिक्षा के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है।उस समय कुरमाली की शिक्षा दूर की कौड़ी थी।

हम यह भी देखेंगे कि ग्रियर्सन ने जो कुरमाली भाषा पर लिखा है, उस पर आगाह भी किया है इसे किसी मानवविज्ञान संबंधी विवादों को हल नहीं किया जा सकता है।ग्रियर्सन ने साफ तौर पर लिखा है कि भाषाशास्त्र और मानव-विज्ञान को एक नहीं समझें। ग्रियर्सन ने जो कुरमाली भाषा के विभिन्न पहलुओं पर जो लिखा है, उससे पहले एक दिलचस्प विषय-वस्तु पर चर्चा कर सकते हैं कि कैसे कुरमाली भाषा पर प्रहार कर पुरूलिया सब-डिवीजन को बंगाल में मिला लिया गया। इस तरह झारखंड की सांस्कृतिक विरासत और सभ्यता का विखंडन हुआ। अगर पुरूलिया सब-डिवीजन झारखंड में सम्मिलित रहता तो सांस्कृतिक तौर पर झारखंड ज्यादा सम्पन्न होता।

यह समझने के लिये कैसे मानभूम के हिस्से को अलग किया गया, उसकी पृष्ठभूमि कैसे तैयार हुई ? दो बिन्दुओं को विस्तार करना पड़ेगा। प्रथम, कुरमाली भाषा का दूसरी भाषाओं के साथ उद्भव और दूसरा मानभूम भाषा आन्दोलन क्या था ? फिर देखेंगे कैसे बंगाली भद्रलोक और बंगला भाषा, कुरमाली भाषा के विकाश को प्रभावित किया।अंत में डा.जार्ज ग्रियर्सन ने कुरमाली भाषा पर अपने क्या विचार दिये रखे हैं उन पर चर्चा होगी।

कुरमाली भाषा की उत्पत्ति

यह बहुत ही कठिन होगा कि कुरमाली भाषा का जन्म कब हुआ या किस महीने या तारीख को हुआ था ? हम अनुमान लगा सकते हैं उस समय काल का कि कब से यह भाषा हमारे पास लिखित रूप में आयी।उससे पहले कोई सौ या दो सौ साल अनुमानतः निर्माण काल रहा होगा। यहां यह समझना थोड़ा उचित होगा कि भाषाविद् और भाषा के जानकारों ने भाषाओं का वर्गीकरण किस तरह से किया है।

भारत की भाषाओं को मुख्यतः तीन समूहों में बांटा गया है।पहला- आस्ट्रो-एसियाटिक या सरल रूप में कोलारियन, दूसरा- द्रविड समूह और तीसरा- ईन्डो यूरोपियन या ईन्डो आर्यन समूह। यहां यह समझना जरूरी है कि अगर कोई ईन्डो-आर्यन भाषा बोलता है तो आर्य होगा, कोई जरूरी नहीं है।यह सिर्फ वर्गीकरण है, ऐसा भी हो सकता है कि एक मंगोलाइट ईन्डो-यूरोपियन या ईन्डो-आर्यन समुह की भाषा बोलता है। यह वर्गीकरण भाषाओं के जानकारों ने की है इसे स्वीकार करने में कोई परेशानी नहीं है।हम अर्थशास्त्र, भौतिक विज्ञान, अभियन्त्रिकी, वनस्पति या कानून के जानकार हो सकते हैं, उसी प्रकार भाषा संबंधी तकनीकी जानकारी भाषाविद् को है।डा.ग्रियर्सन ने भाषाओं का वर्गीकरण व्याकरण से किया है न कि शब्दों से। भाषाओं में शब्दों का आदान-प्रदान होता है, खासकर सीमान्त प्रदेशों में।डा. नन्दकिशोर सिंह ने भी इस बात का समर्थन किया है, उनके अनुसार क्रिया का रूप और

सर्वनाम के साथ वर्ताव, किसी भाषा की विशिष्ट पहचान है। डा. नन्द किशोर सिंह प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने विश्व-भारती युनिवर्सिटि से 1962 ईसवी में कुरमाली में पीएच. डी. की डिग्री हासिल की थी। कुरमाली भाषा में शोध करने वाले छात्रों के लिये डा. नन्दकिशोरसिंह के विचार तथा विश्लेषण काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने के. एम. मुंशी इन्सटीच्यूट, आगरा से "ध्वनि बिज्ञान और भाषा-विज्ञान" में विशेष अध्ययन किया तथा कर्नाटक विश्वविद्यालय से "भाषा-विज्ञान की विशेषताः क्षेत्रीय पद्धति, तुलनात्मक पद्धति एवं नृविज्ञा " में उच्च शिक्षा प्राप्त की थी।

उच्चारण और उसके उतराव- चढ़ाव तथा भाषा के ज्ञान में शायद ही कोई पूरे झाड़खंड़ सांस्कृतिक क्षेत्र में उनकी बराबरी कर सकता है। अगर वे कुरमाली भाषा कहते हैं तो उसका अर्थ कुरमाली भाषा ही है न कि जो कुछ लोग ग्रियर्सन के पृष्ठ145 के एक पैराग्राफ को उद्धृत कर कहते हैं। हम इसकी भी चर्चा करेंगे कि ग्रियर्सन ने उसी पुस्तक में लिखा है कि कुरमाली का जो नमूना उसे भेजा गया था वह बंगला के चश्मे से देखा गया था। ग्रियर्सन के लेखनों को पूर्णता या समग्रता से समझने की आवश्यकता है न कि उस कहानी की तरह जिसमें छः व्यक्ति हाथी को छू कर, हाथी का वर्णन अलग-अलग तरीके से करते हैं। अतः ग्रियर्सन के रेट्रोफलेक्स r समस्त झारखंड सांस्कृतिक क्षेत्र के लिये प्रयोग नहीं हो सकता है, मानभूम और मयूरभंज के लिये भी नहीं।

अब हम कुरमाली भाषा के लिखित और प्रकाशित इतिहास की ओर आते हैं। इसमें हमें 14 शताब्दी में बाडु चन्डी दास द्वारा

लिखी पुस्तक "कृष्ण कीर्तन" मिलती है।डा. नन्दकिशोर सिंह पाठको का इसमें ध्यान आकर्षित करते हैं कि यह कुरमाली भाषा की पहली पुस्तक है, लेकिन इसमें बंगला और उड़िया भाषा की भी परछाई मिलती है।इस पुस्तक में जो व्याकरण का प्रयोग हुआ है वह कुरमाली का व्याकरण है न कि बंगला का। उदाहरण के लिये 'क' प्रत्यय, 'इ' से अंत होने वाले संबध कारक के संज्ञाओं में कुरमाली में ही लगता है, बंगला में नहीं। हम उस काल खंड को कुरमाली, बंगला और उड़िया भाषाओं के स्वरूप का उदयीमानकाल ले सकते हैं। इसका यह अर्थ हुआ कि जब मार्कोपोलो एशिया में था तब इन भाषाऔं का प्रादुर्भाव हो रहा था। कुछ विद्वान इन भाषाओं विकास का अनुमान 10वीं से 11वीं शताब्दी भी माना है।विद्वानों का मानना है कि इन भाषाओं का उद्भव पाली, प्राकृत, अर्ध-मगही द्वारा विभिन्न काल-खंडों में अंन्तरसमावेश से हुआ। चीन के बौध साधू व्हेन त्सांग द्वारा सातवी सदी में भारत भ्रमण का जिक्र कूपलैंड ने भी अपने मानभूम गजेटियर के पृष्ठ 49 में किया है।उसमें 'कर्ण-सुवर्ण' नामक राज्य का वर्णन है जिसके दक्षिण में ओडिसा, उत्तर में मगध, पूरब में चम्पा तथा पश्चिम में महेश्वरा था। कनिंघम इसकी राजधानी बराभूम कहा। लेकिन हेविट के अनुसार यह दुलमी था जो पातकुम परगना में अवस्थित था। विशेषज्ञों में एकमत है कि इसकी राजधानी सुवर्ण-रेखा नदी तट पर ही था।वहां का राजा शशांक था जो बौध-धर्मावलम्वियों को सताने में प्रसिद्धी पाई थी। इससे यह स्पष्ट है कि इस प्रदेश में बौध लोग की मौजूदगी शशांक राजा के पहले की है। बौधों के साथ-साथ जैनों के भी

अवशेष मिलते हैं।विद्वान प्रो. विष्णु चरण महतो ने अपनी पुस्तक "छोटानागपुर के आदिवासी कुरमीयों का इतिहास " में यह सिद्ध किया है कि सराक लोग वास्तव में मूलनिवासी ही थे जो भगवान महावीर के समीप्य के कारण जैन बन गये थे। कारण वो एक होमोजिनीयस या समताओं वाला समुदाय नहीं है, उनमें भाषा और अनुष्ठान संबंधी भिन्नतायें दृष्टिगोचर होती है। उनमें से कुछ अनुमति पाने लायक बदलाव की सीमा मानने पर कुरमाली ही बोलते हैं। वे अभी भी तमाड़ और खूंटी क्षेत्र में निवास कर रहे हैं।बौध और जैन मंदिरों तथा उनके अवशेष इटखोरी, जोन्हा का गौतम धारा मंदिर तथा मानभूम क्षेत्र में बहुत संख्या में से पाये जाते हैं जो इस बात को स्पष्ट करता है कि पालि भाषा इस क्षेत्र में वर्तमान थी।बुद्ध ने संस्कृत भाषा का प्रयोग नहीं किया था, उसके स्थान पर उन्होंने अपने लेख और प्रवचनों में स्थानीय भाषा का प्रयोग किया था।पालि भाषा का प्रसार सिलोन, बर्मा, नेपाल, कम्बोडिया, लाओस वियतनाम आदि देशों में भी हुआ जहां बौध धर्म का प्रचार हुआ।इन सभी चर्चाओं से हम, इस क्षेत्र में, पालि की उपस्थिति से इन्कार नहीं सकते हैं। झारखंड क्षेत्र में संस्कृत और ब्राहम्णवाद बाद में आया है। डा. नन्द किशोर सिंह ने पाया है कि पंचेत राज्य पुलिस स्टेशनों के पुराने नमूने कुरमाली में हैं।

सत्तर के दशक में कर्नाटक के कुदरेमुख नामक जगह पर लौह अयस्क खनन संबंधी एक बड़ी परियोजना की शुरूवात हुई थी। कन्नड़ में कुदरेमुख का अर्थ "घोड़े का चेहरा" है। हम सभी कुदरा भूत पूजा करते हैं।कुरमाली में भी कुदरा का अर्थ

घोड़ा होता है।इस पूजा में मिट्टी के बने घोड़े की बलि दी जाती है(संदर्भ, स्मारिका-छोटानागपुर संथालपरगना कुरमी महासभा, रामगढ़ में, पूर्व सांसद खुदीराम महतो व्दारा लिखित लेख(पृष्ठ 3, परिशिष्ट-2)।कुरमाली भाषा के लिये यह एक शोध का विषय हो सकता है कि क्या कन्नड़ भाषा और कुरमाली में कोई संबंध है या यह सिर्फ मात्र संयोग है।लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया(LSI vol 1 Pt 1, page 2)में कलकत्ता उच्च न्यायालय के सबसे पहले बने एक न्यायाधीश द्वारा दिये गये मृत्युदंड का अनुवाद उपलब्ध कराया गया है, अनुवाद, जो मृत्युदंड पानेवाले के संबंधियों को सुनाया गया था, वह है-" *जाओ बदजात फांसी का हुक्म हुआ* "। इसका यह मतलब है कि जब ईस्ट इंडिया कम्पनी को बंगाल प्रांत की दिवानी मिली तो कोर्ट में हिंदी व्दितीय भाषा थी।बंगला का प्रभुत्व बाद में आया।

Here we have a somewhat fuller catalogue, though some important names,—*e.g.* Tamil,—are omitted; but we see that they are bare lists and nothing more, and I know of no early oriental account of the languages themselves, either as a whole, or taken individually.[1]

Terry.

So far as I am aware, the earliest notice of the modern Indian languages that appeared in Europe was in Edward Terry's 'Voyage to the East Indies,' published in 1655 A.D. He there informs us[2] that 'the Vulgar Tongue of the Countrey of Indostan hath great Affinity with the Persian and Arabian Tongues, but is pleasanter and easier to pronounce. It is a fluent language, expressing many things in a few words.[3] They write and read like us, *viz.*, from the Left to the Right Hand.' Some of the English merchants of those days could certainly speak Hindōstānī with fluency,[4] and Thomas Coryate, when presented to the Great Mogul by Sir Thomas Roe, is said to have addressed that potentate in a Persian speech. So, Fryer[5] (1673) in his 'New Account of East India and Persia' says regarding India, 'The language at Court is *Persian*, that commonly spoken is Indostan (for which they have no proper character, the written language being called *Banyan*), which is a mixture of *Persian* and *Sclavonian*, as are all the dialects of India.'

Fryer.

Pietro Della Valle.

Before Terry and Fryer, there had been descriptions of Nāgarī, the principal written character of Northern India. The celebrated traveller Pietro Della Valle[6] describes it (1623) as 'an ancient character ..... known to the learned, and used by the Brahmans, who, to distinguish it from the other vulgar characters, call it Nagheri.' Again, Father Heinrich Roth, who was a member of the Jesuits' College at Agra from 1653 to 1668, met Athanasius Kircher at Rome in 1664, and there gave him several specimens of the same character which the latter published in 1667 in his 'China Illustrata.' One of these was the Paternoster in Latin transliterated into Nāgarī. We shall see that for many years this was taken to be a specimen of actual Sanskrit.

Heinrich Roth.

China Illustrata.

[1] Before turning to European accounts of Indian languages, I may mention an amusing legend concerning another, and earlier, Linguistic Survey, current among the Afghāns, whose language, Pashtō, is admitted to be inharmonious. It is said that King Solomon sent forth his Grand Vizier, Asaf, to collect specimens of all the languages spoken on the earth. The official returned with his task accomplished. In full darbar he recited passages in every tongue till he came to Pashtō. Here he halted, and produced a pot in which he rattled a stone. 'That,' said he, 'is the nearest approach that I can make to the language of the Afghāns.' It is plain that even Solomon, with all his wisdom, had not, at the time, succeeded in anticipating the methods of Professor Daniel Jones and of the International Phonetic Association.

[2] Quoted from Ogilby's "Asia." See below. Much of what follows will also be found scattered through the different volumes of the Survey, or in other writings of mine. The various statements are here combined into one general view.

[3] Hindōstānī had this undeserved reputation for many generations. There is a story of one of the first English Judges of the Calcutta High Court. In sentencing a man to death, he is said to have dwelt at length, in English, on the enormity of the offence, the unhappy feelings of the criminal's parents, and his certain fate in the next world unless he repented. When he had finished, he instructed the court interpreter to translate to the prisoner what he had said. This worthy's translation consisted of the six words, '*Jāō, badzāt, phāsī kā hukm ḥwā*,' 'go, rascal, you are ordered to be hanged.' The Judge is said thereupon to have expressed his admiration at the wonderful conciseness of the Indian language.

[4] "Hobson-Jobson," s.v. 'Hindostanee' gives the following anecdote of Tom Coryate taken from Terry. The occurrence is dated 1616. 'After this he [Coryate] got a great mastery in the Indostan, or more vulgar-language; there was a woman, a laundress, belonging to my Lord Embassador's house, who had such a freedom and liberty of speech, that she would sometimes scould, brawl, and rail, from the sun-rising to the sun-set; one day he undertook her in her own language. And by sight of the clock he so silenced her, that she had not one word more to speak.'

[5] Also from 'Hobson-Jobson,' l. c.

[6] Viaggi, iii, 57. Quotation taken from Dalgado's *Glossário Luso-Asiático*, s. v. 'Devanagárico.'

लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया(LSI vol 5Pt2) जिसमें कुरमाली भाषा के बारे में विस्तृत से चर्चा है, 1903 में प्रकाशित हुआ था तथा 1891 की जनगणना के रिपोर्ट पर आधारित था।ग्रियर्सन ने मानभूम और मयुरभंज के इलाके के कुरमाली में रेट्रोफलेक्स(हार्ड r, यानी कि r अक्षर के नीचे एक बिन्दु, जो की "ड़" नहीं है) का इस्तेमाल किया है।यह सिर्फ बंगला भाषा के प्रभाव को दर्शाने के लिये है। मानभूम जिला का निर्माण 1833 में हुआ था।इससे यह स्पष्ट है कि कुरमाली नाम के साथ

जुड़ा रेट्रोफलेक्स (ɾ शब्द के नीचे बिन्दु) पुरे झारखंड क्षेत्र में कुरमाली बोलने वालों का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।हमें यह स्वीकर करने में कोई कठिनाई नहीं होगी कि 1833 से पहले ही झारखंड के विस्तृत इलाके में कुरमी महतो लोगों का निवास था।हम इस बात की चर्चा करेंगे कि कैसे मुगल काल से ले कर भारत के स्वतन्त्र होने के एक दशक तक भौगोलिक विखंडन कुरमाली भाषा के स्वतन्त्र विकास में बाधक बना और कुरमी महतो को एकता के सूत्र में बांधनेवाली महत्वपूर्ण कड़ी कमजोर हुई।ग्रियर्सन ने अपनी पुस्तक के पृष्ठ संख्या 150 में लिखा है कुरमाली भाषा के नमूने बंगला से प्रभावित थे क्योंकि उसे भेजने वाला एक बंगाली स्कूल सब-इंस्पेक्टर बाबू शीतल चन्द्र चटर्जी थे।

ग्रियर्सन पाठकों को पृष्ठसंख्या 145 के सबसे नीचे पंक्ति में सावधान करते हैं कि इस भाषा(कुरमाली) का *इस्तेमाल किसी मानव-विज्ञान संबंधी विवादों को सुलझाने में नहीं हो सकता है।* इससे उस सोच को भी गलत साबित करती है जिसके अनुसार यदि कुरमाली रेट्रोफलेक्स के साथ लिखा जाय तो उन्हें आदिवासी का दर्जा सरकार देगी। विषय-वस्तु को पूरी तरह से समझना फायदेमंद होगा न कि किसी एक अंश को आधार मान कर उस पर आगे बढना।

सच्चाई है कि कुरमाली भाषा के ऊपर बंगला जैसी मजबूत भाषा की कृत्रिम आवरण चढाने के प्रयास हुये हैं लेकिन उस आवरण के नीचे कुरमाली भाषा जिन्दा है और अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है।समय का तकाजा है उस आवरण

को निकाल कर उसकी सुन्दरता लोगों के सामने लाना है।बंगला भाषा से अलग कुरमाली कैसे एक स्वतन्त्र भाषा है इसकी पूरी तकनीकी जानकारी डा. नन्दकिशोर सिंह के शोध ग्रंथ " कुरमाली का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन" में लिखा है। यहां यह जानना उचित होगा कि डा.नन्द किशोर सिंह की मातृभाषा कुरमाली ही है, जो सिंहभूम जिले के सदर सब-डिविजन की आदर्श कुरमाली है(पृष्ठ संख्या 1, चाप्टर 1)।

इन सभी के बीच कुरमाली भाषा के प्रसार में हजारीबाग जिला ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जिसका विवरण गैट के 1901 की बंगाल जनगणना रिपोर्ट (पृष्ठ 101, परिशिष्ट-1) में लिखा है कि हजारीबाग, असम और बंगाल में विस्थापित होकर चाय बगानों में जाने वालों का केन्द्र बन गया था। स्वभाविक तौर पर वे कुरमाली भाषा भी अपने साथ ले कर गये थे।

अब हम इतिहास के उस महत्वपूर्ण घटनाक्रम का जिक्र करते हैं जिसने पुरे झारखंड सांस्कृतिक क्षेत्र पर गहरा असर डाला और वह था-"मानभूम भाषा आंदोलन"।

<u>मानभूम भाषा आंदोलन</u>

मानभूम भाषा आंदोलन का जन्म और उसका प्रसारण झारखंड सांस्कृतिक क्षेत्र के इतिहात का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। इस घटना-क्रम से हम समझेंगे कि कैसे इससे कुरमाली बोलने वाले क्षेत्र का विभाजन हुआ और तथा भाषा के विकास को भी अवरूद्ध किया। हम यह भी विश्लेषण करेंगे कि कैसे राज्य पुनर्गठन आयोग के सामने भ्रामक और गलत सुझाव पेश किये गये, जिससे आयोग गुमराह हो गया। कैसे बंगला समर्थक

कुरमाली को बंगला की उपभाषा सिद्ध करने में सफल रहे।इससे पुरूलिया सब-डिविजन को पश्चिम बंगाल में मिलाने का रास्ता साफ हो गया।

1765 ईसवी में मुगल बादशाह शाह आलम से ईस्ट इन्डिया कम्पनी को बंगाल, बिहार और ओड़िसा की दीवानी प्राप्त हुई थी। अपने प्रशासनिक ढांचा मजबूत करने के लिये अंग्रजों ने कई कमिटी बनायी तथा स्थानीय शासन इकाई, डिस्ट्रीक बोर्ड का गठन किया।इन प्रशासनिक इकाइयों में सदस्य अंग्रेजों द्वारा नामित तथा नियंत्रित होते थे। इसके बाद बहुत से सिफारिस और सुझावों के मिलने के पश्चात्, लार्ड रिपन ने मई 1882 को एक प्रस्ताव पास किया जिससे स्थनीय सरकरी स्तर पर स्वप्रशासन का रास्ता खोल दिया।इस प्रशासकीय व्यवस्था को चलाने के लिये पढ़े- लिखे लोगों की नौकरी के अवसर खुल गये। इससे बंगाली शिक्षित वर्ग का न सिर्फ मानभूम वरन् बिहार और ओड़िसा में भी प्रवासी होने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। यह अप्रवजन रेलवे, पुलिस, खनन्, शिक्षा के प्रसार के साथ बढता ही चला गया।

बीसवीं सदी के शुरूवात होते-होते बंगाल के बुद्धिजीवी वर्ग ने भारतीय पुनर्जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, चाहे वह क्षेत्र विज्ञान हो या साहित्य या राजनीति या समाजवाद या समाज सुधार इत्यादि।सहज रूप से बंगला श्रेष्ठ का गर्व अपने चरम पर था।फिर उनका समाज के हर क्षेत्र, सामाजिक, सांस्कृतिक या भाषाई हो, में हावी हो गया। बिहार के गर्व और संस्कृति की रक्षा के लिये डा. सच्चिदानन्द सिन्हा ने आन्दोलन की अगुवाई की। तब बिहार और उड़ीसा अलग हुये।

उस समय झारखंड में बौद्धिक वर्ग का आना एक स्वप्न ही था। उस वक्त शायद मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओक्सफोर्ड जाने की तैयारी में थे।

1912 में बंगाल का विभाजन हुआ तथा बिहार और उड़ीसा प्रांत बना। मानभूम हमेशा से बिहार का ही हिस्सा रहा है। बिहार में, खासकर मानभूम में, बंगला-भाषियों को लगा कि बिहार सरकार की सरकारी हिन्दी नीति से उनकी भाषा और संस्कृति पर प्रहार होगा। बंगला और हिन्दी समर्थकों का जमावड़ना होना शुरू हुआ। दोनों ओर से एक-दूसरे की भाषाओं को दबाने के आक्षेप लगाने शुरू कर दिये।

इन सभी के पृष्ठभूमि में कुरमाली भाषा अपनी आंतरिक शक्ति के कारण अपनी प्रभुत्व बनाये रखने में सक्षम रही। महतो बुद्धिजीवी वर्ग का उदय दूर की कौड़ी थी। सच्चाई थी कि 1920 तक सिर्फ दो महतो ने ही मैट्रीकुलेशन की परीक्षा पास की थी-राजकिशोर महतो और मदन मोहन महतो। बाद में स्वर्गीय राजकिशोर महतो पुरूलिया कोर्ट में पहले महतो मुख्तार बने।

1913 में धनबाद सब-डिवीजन के लोगों की मांग पर हिन्दी को कोर्ट की व्दितीय भाषा के तौर पर मान्यता मिली। यहां यह रेखांकित करना जरूरी है कि हिन्दी समर्थकों में कुरमी महतो, मुस्लिम, संथाल और अन्य मूलनिवासी जैसे कोरा, मुन्ड़ा और बाऊरी आदि लोग थे, जो यहां बहुसंख्यक थे। इतना रहने पर भी हम यह देखेंगे कि कैसे मानभूम में बंगला भाषी बहुसंख्यक बन गये।1921 के जनसंख्या गणना में मानभूम

की जनसंख्या 1548111 दिखाई गई थी, उसमें 10.3 लाख बंगला भाषी, 2.89 हिन्दी भाषी, 2.81 लाख ट्राईबल भाषा बोलने वाले थे। लेकिन 1921 में ही बी. के. गोखले के सेटलमेंट रिपोर्ट में आदिवासियों की संख्या 7.94 लाख थी, जिसमें 2.86 कुरमी महतो, 2.38 संथाल, 1.07 बाऊरी तथा बाकी अन्य थे(मानभूम भाषा आंदोलन पृष्ट-22, परिशिष्ट-5)। इससे यह स्पष्ट है कि 1921 जनगणना में बंगला नहीं बोलनेवाले को भी बंगलाभाषी दिखाया गया था।

1941 की जनगणना में मानभूम की कुल जनसंख्या 20.3 लाख थी, जिसमें आदिवासियों की जनसंख्या 16.73 थी जिसमें कुरमी, संथाल, भूमिज तथा मुंडा लोग थे। इस तरह 1921 की जनगणना की त्रुटि, जिसमें बंगलाभाषियों को बहुतायत में दिखाया गया था, इसका कारण जनगणना करने वाले कार्यकर्ताओं द्वारा गलत विवरण भेजना था। उन कार्यकर्ताओं में शायद ही कोई आदिवासी रहा होगा। साफ तौर पर मानभूम में आदिवासी और अर्धआदिवासी ही बहुसंख्यक थे जो स्कूल, कालेजों और कचहरी में हिन्दी मीडियम को ही प्राथमिकता देते थे।

जनगणना करने वाले कार्यकर्ताओं द्वारा गलत विवरण भेजना, उनके सोच तथा ट्रेनिंग की कमी के कारण थी। इनका जिक्र खूद ग्रियर्सन ने किया है कि कुरमाली के जो नमूने बाबू शीतल चन्द्र चटर्जी ने भेजा था वह बंगला से प्रभावित था, जिसमें कहा गया था कि कुरमाली में हाई "र" का इस्तेमाल किया गया था।

1915 के एक रिपोर्ट में मानभूम के उपायुक्त मिस्टर हिगनेल ने लिखा" *30-35 साल पहले सभी वकील और मुख्तार सब-डिवीजनल कोर्ट में हिन्दी या उर्दू का प्रयोग करते थे।लेकिन 1912 साल के अंत तक धनबाद में कोई भी वकील या मुख्तार हिन्दी का प्रयोग नहीं कर रहा। बंगालियों का प्रभुत्व सिर्फ कचहरी तक सीमित नहीं वरन् यह सरकार के सभी कार्यकलापों में भी छा गया है।सारे पुलिसअधिकारी बंगाली थे । और स्कूलों में विरले ही हिन्दी बोलते थे क्योंकि सभी स्कूल के अधिकारी, स्कूल डिपुटी इस्पेक्टर से ले कर स्कूल के स्तर तक, सब-इस्पेक्टर और निरीक्षक पंड़ित तक सभी बंगाली थे।.....यह महत्वपूर्ण है*

कि तोपचाची थाना में जहां पिछले जनगणना में 75% जनसंख्या हिन्दी बोलती थी, वहां एक भी स्कूल में हिन्दी की पढ़ाई या हिन्दी मीडियम में पढ़ाई नहीं हो रही थी "(परिशिष्ट 6 &7)।

इससे यह सिद्ध होता है कि अगर कोर्ट की भाषा हिन्दी थी तो उसे सभी मूलवासी स्वीकार कर रहे थे और समझते थे। इस इतिहास से समझ सकते हैं कि क्यों ग्रियर्सन ने कहा है पूरब की भाषायें मगधी से निकली हैं।एक उदाहरण इसकी झलक दे सकता है-आग को विभिन्न भाषाओं में क्या बोला जाता है,

पाली- आगि

संस्कृत- अग्नि

हिन्दी- आग

कुरमाली- आइग

यह एक बहुत ही सहज उदाहरण हो सकता है क्यों ग्रियर्सन ने कुरमाली, बंगला, ओडिया, हिन्दी, मैथिली आदि को इन्ड़ो-यूरोपियन समूह की भाषा में रखा है। वैदिक आर्यों के पूर्व आये जातियों के भाषाओं को भी इन्ड़ो-यूरोपियनसमूह में रखा गया है।इन्ड़ो-यूरोपियनभाषा का अर्थ, आर्य होना नहीं है, वह आर्य से पहले पूर्ववर्ती जाति भी हो सकता है जैसे मंगोलाईट आदि।पाकिस्तान के क्वेटा के समीप मेहरगढ़ में खुदाई के दौरान प्राप्त चीजों से सिद्ध हुआ है कि भारतीय उपमहाव्दीप में 8000 साल पहले मनुष्यों का निवास हो चूका था।मेहरगढ़ की खोज 1974 में, फ्रांसीसि दम्पति काथरेन जेरिज और जेन फ्रांन्कोईस ने किया था। खुदाई के अध्ययन से पता चला है कि भारतीय उपमहाव्दीप में 8000 साल पहले कृषि आधारित जीवन-शैली विकसित थी।

हरयाणा के राखीगढ़ी में डेकन यूनिवर्सिटी के प्रो.शिन्दे के नेतृत्व में जो खुदाई हुई है, उसके कार्बन डेटींग और डी एन ए अध्ययन से पता चलता है कि यहां कृषि आधारित समुदाय 6000 साल पहले से निवास कर रही थी। राखीगढ़ी के औरत की कंकाल के डी एन ए विश्लेषण उसे मध्य ऐशिया के कृषि समुदाय से जोड़ती है। फिर यह भी सच्चाई है कि कुरमी महतो लोगों का मुख्य पेशा कृषि ही है। यहां ध्यान देने की बात है कि किसी भी खुदाई में, चाहे वह इन्दस वैली सभ्यता या मेहरगढ़ हो, कहीं भी घोड़े का चित्र, खेलौना या संकेत नहीं मिलता है, जो कि वैदिक-आर्यों की पहचान है। ऋग्वेद में इंद्र के लाल घोड़े का जिक्र बार-बार आया है। विशेषज्ञों कामानना

है कि वैदिक आर्यो से पहले यहां बहुत से जातियों का आगमन हो चुका था। मोहन-जोदारों में पाया गया सील में भगवान शिव का चित्र है, ऐसी सहमति प्रायः सभी विव्दानों में है। तो क्या शिव भगवान और योग वैदिक-आर्यों से पहले के है?

धनबाद के कोर्ट में हिन्दी की मान्यता का बांगला बोलने वालो ने काफी विरोध किया।पुरूलिया में भी हिन्दी बोलने वाले की संख्या बहुतायत में थे, उन्होंने 1915 में एक ज्ञापन दे कर हिन्दी को कोर्ट की व्दितीय भाषा बनाने की मांग रखी। उस समय मानभूम के उपायुक्त लिखा *"जैसा कि हिन्दी, संथालों तथा मूलवासियों का, कोर्ट की भाषा होना उपयुक्त समझा जाता है, इसे कम से कमजिले के मुख्यालय पर सहन होनी चाहिये, जहां **55%** लोग हिन्दी, संथाली और मूलवासी भाषायें बोलते हैं। हिन्दी मानभूम की मुख्य भाषा है।यह सभी सच्चाई हिन्दी को कोर्ट की भाषा बनने को न सिर्फ न्यायोचित ठहराती है, बल्कि उसके बढ़वा को भी प्रोत्साहन चाहिये (मानभूम भाषा आन्दोलन, परिशिष्ट-7)।*

तथापि, प्रभावी बंगाली समुदाय हावी रहे और अधिकारियों को हिन्दी को कोर्ट की दूसरी भाषा नहीं बनाने के लिये राजी कर लिया। इस संबंध में उपायुक्त ने लिखा-*" सच्चाई यह है कि जनसंख्या के बंगाली वर्ग शिक्षा से लाभ पर एकाधिकार कर लिया है और स्कूल के सारे शिक्षक बंगाली हैं जो विद्यार्थियों पर अपनी अजनबी भाषा थोपते हैं(परिशिष्ट-8, मानभूम भाषा आन्दोलन)"।*

लेकिन, धीरे-धीरे चेतना बढ़ी और मानभूम के हिन्दी बोलनेवाले जो निश्चित तौर बहुतायत में थे, प्रबल रूप से अपने बच्चों को हिन्दी मीडियम से शिक्षा देने की मांग रखी। समाज के बहुत से लोग जैसे कुरमी महतो, संथाल और मुस्लिम वर्गों ने प्रस्ताव पारित कर सरकार से बच्चों की पढ़ाई हिन्दी मीडियम से कराने की सुविधा की मांग की।

बिहार सरकार संघीय सरकार के नीति-निर्धारण के तहत धीरे-धीरे हिन्दी मीडियम स्कूलों को लाने का प्रयास करने लगी। पहले स्कूली शिक्षा डिस्ट्रीक्ट बोर्ड के अंतर्गत आती थी। लेकिन आजादी के बाद अब राज्य सरकार के अधीन था।बिहार सरकार के इन प्रयासों का बंगला बोलने वालो ने जोरदार विरोध किया, जो कि मानभूम में बंगला नहीं बोलने वालों के ऊपर अपना अधिपत्य जमा चुके थे। हम यह देख चुके हैं कैसे 1921 की जनगणना त्रूटिपूर्ण थी जिसका खुलासा उसी साल किये गये बी. के. गोखले के(पृष्ट 22, परिशिष्ट-5) सर्वे सेटलमेंट के रेकार्ड से पता चलता है कि मूलवासी भाषा को भी बांगला में गिनती किया गया था। मानभूम में बांगला का प्रभाव इतना प्रबल था कि कुछ मूलवासी लोग भी अपने को बंगाली समझते थे। हम यह भी देखेंगे कि कैसे "लोक सेवक संघ" ने कुशलतापूर्वक कुरमी महतो के महत्वपूर्ण पर्व टुसू मेले के जमावाड़ा का इस्तेमाल कुरमाली बांगला की उपभाषा है, को सिद्ध करने में किया जिस कारण पुरूलिया सब-डिवीजन का पश्चिम बंगाल में विलय का मार्ग प्रशस्त हो गया।

मानभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने सबसे पहले बांगला को मानभूम की भाषा बनाने का प्रस्ताव लाया। 30 मई 1948 को

यह प्रस्ताव 43/55 वोट से पराजित हो गया। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और सचिव ने त्यागपत्र दे दिया और "लोक सेवक संघ" का गठन किया। श्री अतुल चन्द्र घोष और बिभूति मोहन दास क्रमश: "लोक सेवक संघ" के अध्यक्ष और सचिव चुने गये। फिर "लोक सेवक संघ" ने कई श्रृंखलाबद्ध हड़ताल तथा धरना दे कर बांगला भाषा को मुख्य भाषा बनाने तथा मानभूम को पश्चिम बंगाल में मिलाने की मांग को मजबूत किया। प्रमूख कुरमी महतो नेता जिन्होंने लोक सेवक संघ के आह्वान का समर्थन किया, वे थे- श्री गोवर्धन महातो, बाऊल महातो तथा श्री भोजहरि महातो आदि।

लोक सेवक संघ ने सफलतापूर्वक टुसू मेले त्योहार को एक बिलकुल नये रूप में भाषा आन्दोलन के समर्थन के तौर पर दिखाया। लोक सेवक संघ ने टुसू मेले में कुरमी महतो के बड़े जमावड़ओं को कुशलतापूर्वक भाषा आन्दोलन के समर्थन में आये लोगो के तौर पर दिखाया। बहुत कम लोगों को पता है कि मानभूम के भाषा- आन्दोलन, जिसमें सभी मूलवासियों की भाषायें अपने अस्तित्व की लड़ाई कर रही थी, एक मुख्य कारण बना, जिसके कारण भारत के संघीय सरकार ने भाषाई आधार पर राज्य का पुनर्गठन करने का आयोग बनाया।

भाषा आन्दोलन से टुसू मेला फिर राज्य पुनर्गठन आयोग, फिर आयोग का कार्य शर्तों से बाहर निकलना, फिर पुरूलिया सब-डिवीजन का पश्चिम बंगाल में मिलना-एक रोमांचक लेकिन खोयी हुई महिमा की कहानी है।

मानभूम के पारम्पारिक कुरमी महतो जल्द ही भाषा आन्दोलन के उद्देश्य और अंततः मानभूम का पश्चिम बंगाल में विलय की साजिश को समझ गए। वे सभी एक युवा और जोशीले नेता श्री देवेन्द्र नाथ महतो, जो एक स्कूल शिक्षक से सामाजिक कार्यकर्ता बने थे, के साथ चट्टान की तरह खड़े हो गये।उन्हें विश्वास था कि मानभूम के झारखंडी संस्कृति और कुरमाली भाषा का सही परिवेश झारखंड सांस्कृतिक क्षेत्र में रहने से ही हो सकता है। वे भी "लोक सेवक संघ" के आह्वान् के विरोध में बैठकें की, जुलूस निकाले तथा मांगपत्र पेश किये। लेकिन "लोक सेवक संघ" की तुलना में संसाधनों की कमी से जूझते रहे। श्री देवेन्द्र नाथ महतो जी का बिहार विधान सभा में भाषण ऐतिहासिक था जिसमें उन्होंने विस्तृत रूप से बताया कि कैसे कुरमाली भाषा और संस्कृति, बांगला और बंगाली संस्कृति से भिन्न है। मानभूम हमेशा से बिहार का अभिन्न हिस्सा रहा है और रहना चाहिये। मानभूम के कुरमियों ने अपनी मानसिक शक्ति और संस्कृति के गर्व के कारण, देवेन्द्र नाथ महतो के साथ आये। लेकिन बाद में उन्हें अहसास हुआ कि भाग्य को कुछ और ही मंजूर था। राज्य पुनर्गठन आयोग के सिफारिशें कुछ और ही कहानी बयां कर रही थीं।

देवेन्द्र बाबू के अंतिम शब्द " पुरूलिया को बचाओ" का संबंध सिर्फ पुरूलिया या मानभूम से नहीं था वरन् पूरे झारखंड के अस्तित्व से है क्योंकि झारखंडी संस्कृति का गढ़ पुरूलिया झारखंड से अलग हो गया था।

राज्य पुनर्गठन आयोग के सिफारिशों का विश्लेषण

सबसे पहले हम यह देखेंगे कि राज्य पुनर्गठन आयोग ने किन बातों का जिक्र कर क्या सिफारिशे भारत सरकार को भेजा था?(संदर्भ- पुरूलिया डिस्ट्रिक गजेटियर, पश्चिम बंगाल-पृष्ठ संख्या 106, परिशिष्ट-10)। यहां लिखा है *" पश्चिम बंगाल की सरकार **1951** की भाषाई जनगणना को संतोषजनक नहीं मानती है और अगर **1951** की गणना को छोड़ देते हैं और उससे पहले के दो गणनाओं को लेते हैं जिसमें लोगों की भाषाईफैलाव सूचीबद्ध है, बंगला बोलने वालों का प्रतिशत सम्पूर्ण जिले का दो-तिहाई है.....पुरूलिया में आज भी बहुत संख्या में बांगला बोलते हैं। शायद इससे भी ज्यादा होंगे। हमलोग कतई पूर्ववर्ती गणनाओं की संख्याओं के विवादों में घसीटा जाना नहीं चाहते हैं। हमें इस तथ्यों पर ध्यान देना चाहिये कि **1951** की जनगणना अनुसार पुरूलिया के ग्रामीण इलाकों में भी बांगला बोलने वाले **55%** होगा (जब कि हिन्दी बोलने वालो का प्रतिशत **28** है), अगर हम चास रेवेन्यू थाना जो धनबाद से सटा है, को छोड़ देते हैं। "*

राज्य पुनर्गठन आयोग ने ऐसा क्यों लिखा, समझ से परे है। जैसे पुरूलिया के ग्रामीण इलाकों में बंगला बोलने वालों की संख्या 55% है- यहां मतलब साफ है, कुरमाली को बंगला दिखाया गया था। लेखक अपने बचपन के अनुभव से कह सकता है कि पुरूलिया के ग्रामीण इलाकों में बांगला नहीं,

कुरमाली ही चलती थी। फिर गणना में चास को क्यों छोड़ दिया गया? रिपोर्ट के पूरे विश्लेषण करने पर हम समझ सकते हैं कि राज्य पुनर्गठन आयोग जमीनी हालात से बहुत दूर थी, उसके सामने गलत आंकड़े पेश किये गये।

1911 के जनगणना के अनुसार कुरमाली बोलने वालों की संख्या 72% थी(बंगाल डिस्ट्रिक्ट गजेटीयर- एच. कूपलैंड, पृष्ठ 72, परिशिष्ट-11)। फिर राज्य पुनर्गठन आयोग को 1951 की जनगणना से पहले के दो 1931 तथा 1941 के जनगणना में कैसे बंगला बोलने वाले दो-तिहाई लोग मिले? क्या कुरमाली बोलने वाले लोगों की जनसंख्या घटती चली गई ? जाहिर है, 1931 और 1941 के जनसंख्या गणनाओं में काफी त्रुटियां थीं।

